## कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, हाथरस।

### विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्याः– 14/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 एवं पत्रांक 13858/एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकितः 01.11.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की अधोलिखित तालिकानुसार न्यायिक अधिष्ठान हाथरस में आशुलिपिक एवं तृतीय श्रेणी संवर्ग के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए (यदि उक्त पद प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरे जायें या आवेदक की आयु 65 वर्ष पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो भी पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय के अनुमोदनोंपरान्त की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान, आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन में से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुए, शेष धनराशि परिलब्धियों के रुप में देय होगी।

आवेदक को अपने प्रार्थनापत्र के साथ उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हे दोषसिद्ध किया गया है, सम्बन्धी शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारुप पर दिनाँक 05.12.2025 की सांय 4:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, हाथरस में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क0 स0 | पदनाम | कुल रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आशुलिपिक | 06 |
| 02 | तृतीय श्रेणी संवर्ग | 64 |

विज्ञप्ति समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारीगण के मध्य परिचालित कराई जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, हाथरस एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, हाथरस को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिष्ठित स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

दिनांकः–19.11.2025

Vinay Kumar
जनपद न्यायाधीश
हाथरस।

Scanned with OKEN Scanner

# PROFORMA-I

Self-attested photo

1. Name of the Employee............................................
2. Father's/Husband's Name ............................................
3. Date of Birth............................................................
4. Date of Retirement ..........................................................
5. For the Post of ...............................................................
6. Home town with Present Residential Address.........................

.........................................................................................

.........................................................................................

7. Postal Address (For Correspondence)..................................

.........................................................................................

.........................................................................................

8. Designation / Post last held .............................................
9. Telephone No. / Mobile No. ..........................................

   E-Mail ID ...................................................................

10. Last pay drawn on post last held...................................

(Attach Last Pay Certificate and last Pension Certificate)

Date:

Signature

Scanned with OKEN Scanner